R Venkatramani, Attorney General of India as chief guest in the inaugural session of 2nd PN Mathur National Moot Court Competition at Law School (29- 30 April, 2023)

News link -
http://www.futurelinetimes.page/2023/04/29-2023.html

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेंस द्वारा राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता, 29 अप्रैल, 2023 का शुभारंभ।

Futurelinetimes.page April 29, 2023

मनोज तोमर ब्यूरो चीफ दैनिक फ्यूचर लाइन टाईम्स गौतम बुद्ध नगर
गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेंस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन 29 अप्रैल, 2023 को हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम की संयोजक डॉ. ममता शर्मा, सहायक आचार्या

, स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेंस द्वारा आयोजित कार्यक्रम का संक्षिप्त में परिचय दिया गया । ततपश्चात डॉ.के के. द्विवेदी, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेंस द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया जिसमें उन्होंने सभी आमंत्रित विद्वतजनों का स्वागत किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए विशिष्ट अतिथि माननीय श्री जस्टिस विनय कुमार माथुर (सेवानिवृत्त न्यायधीश ,इलाहाबाद उच्च न्यायालय) ने अपने विशेष वक्तव्य में कानूनी शिक्षा और कानूनी पेशे की महत्वता को रेखांकित किया । उन्होंने कहा कि जीतना या हारना आवश्यक नहीं है लेकिन छात्रों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय श्री आर वेंकटरमानी ,अटॉर्नी जनरल ऑफ़ इंडिया, ने उद्घाटन भाषण में सम्प्रेषण और विश्लेषण क्षमता की महत्वता को रेखांकित करते हुए एवम् संविधान का मूल बताते हुए कहा कि प्रत्येक और सभी के पास समानता और न्याय हो । उन्होंने आगे अपनी बात को जारी रखते हुआ कहा कि तब आप एक सच्चे वकील कहलाते हैं जब आप लोगों को भावनात्मक रूप से समझते हैं ।इसके उपरांत गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो .रविन्द्र कुमार सिंहा ने अध्यक्षीय भाषण में कहा की मूट कोर्ट क़ानूनी कौशल को सीखने का एक नमूना है तथा यह छात्रों में नेतृत्व की गुणवत्ता का निर्माण भी करता है । उक्त अवसर पर सभी सम्माननीय अथितियों को स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। अंत में स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेंस की विभाग्याध्यक्ष डॉ.रमा शर्मा ने सभी के मूल्यवान समय ,आदरणीय वक्ताओं के ज्ञान वर्धक वक्तव्य और इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने के लिए संकाय के अधिष्ठाता डॉ. के. के. द्विवेदी तथा शिक्षक गण डॉ. ममता शर्मा, डॉ. अक्षय सिंह, डॉ.सतीश चंद्रा, डॉ. प्रकाश चंद्र दिलारे ,डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. संतोष तिवारी ,डॉ. पूनम वर्मा, डॉ. सुमित्रा हुईड्रोम , डॉ. अखिलेश,डॉ सी. बी भरास, सुश्री नौरिया,श्रीमती करिश्मा टमटा के सहयोग तथा समर्थन के लिए आभार प्रकट किया ।इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति प्रो.रविन्द्र कुमार सिंहा,गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय हैं तथा इस कार्यक्रम के संयोजक गण स्कूल की सहायक आचार्या डॉ. ममता शर्मा, डॉ.रमा शर्मा , श्री गौरव यादव तथा सुश्री काजल गुप्ता हैं।कार्यक्रम का सुंदर संचालन स्कूल की छात्रा अभिलाषा तथा छात्र सुशांत द्वारा किया गया ।कार्यक्रम को सफल और सुचारू बनाने में छात्र गजानन, उत्कर्ष, अंश,अंकित,प्रियांशु,इपशिता,पूजा,दिया ,आयुष ,शिवानंद का विशेष योगदान रहा।इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश के कोने कोने से 29 टीम्स और लगभग 87 छात्र छात्राएँ आये हैं ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता तथा अन्य शिक्षक गण द्वारा भी भाग लिया गया।ध्यातव्य है कि पिछले वर्ष 2022 में भी मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही भव्य और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ था कार्यक्रम के सफल आयोजन पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो .रविन्द्र कुमार सिंहा, कुलसचिव, डॉ. विश्वास कुमार त्रिपाठी जी, अधिष्ठाता शैक्षणिक, डॉ. पी. एन. मेलकानीया, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मनमोहन सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विधि विभाग के शिक्षकों और छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनएँ प्रेषित किया ।

प्रतियोगिता का फाइनल राउंड और समापन समारोह कल दिनांक 30 अप्रैल को होगा जिसके मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री रामकृष्ण गवाई जी होंगे और फाइनल राउंड प्रतियोगिता के जज के रूप में न्यायमूर्ति श्री जसमीत सिंह, जज दिल्ली उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति श्री अमित बंसल जी होंगे।

M
E
PARTICIPATING
STUDENTS &
DELEGATES
M
E
PARTICIPATING
STUDENTS &
DELEGATES